Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 अप्रैल, 2023

बाबू जगजीवन राम

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें लोकप्रिय रूप से **बाबूजी**, राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के योद्धा, दलित वर्गों के चैंपियन और एक उत्कृष्ट सांसद के रूप में जाना जाता था। उनका जन्म 5 अप्रैल, **1908 को बिहार के चंदवा में एक दलित परिवार में हुआ था।** वर्ष 1931 में वह **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC)** के सदस्य बने। वर्ष **1935 में उन्होंने हिंदू महासभा** के एक सत्र में प्रस्ताव दिया कि पीने के जल के कुएँ और मंदिर अछूतों हेतु खोले जाएं। वर्ष **1935 में वे राँची में हैमंड आयोग** में उपस्थित हुए और पहली बार **दलितों हेतु मतदान के अधिकार की मांग की** । जब [जवाहरलाल नेहरू](#) ने अंतरिम सरकार बनाई तो जगजीवन राम इसके सबसे युवा मंत्री बने। **6 जुलाई, 1986 को नई दिल्ली में उनका निधन हो गया। उनके श्मशान स्थल पर उनके स्मारक का नाम समता स्थल (समानता का स्थान) है।**

और पढ़ें... [बाबू जगजीवन राम](#)

सागर-सेतु एप

केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री ने हाल ही में **राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पोर्टल (समुद्री) - 'सागर-सेतु' का एप संस्करण लॉन्च किया।** यह मोबाइल एप डेटा गतिशीलता सुनिश्चित करेगा ताकि बंदरगाह और मंत्रालय के कर्मियों के साथ-साथ हितधारकों के पास **अनुमोदन और निगरानी के लिये तत्काल पहुँच की सुविधा उपलब्ध हो सके।** राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पोर्टल (समुद्री) एक नेशनल मरीन सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म है जिसमें **निर्यातकों, आयातकों और सेवा प्रदाताओं को दस्तावेज़ों को निर्बाध रूप से आदान-प्रदान करने तथा व्यापार करने में मदद करने हेतु संपूर्ण लॉजिस्टिक समाधान शामिल हैं। गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (G2G), गवर्नमेंट-टू-बिज़नेस (G2B), और बिज़नेस-टू-बिज़नेस (B2B) मॉडल** में विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिये NLP समुद्री योजना को पूरा किया जाना आवश्यक है।

कठुआ की 'बसोहली पेंटिंग' को GI टैग

जम्मू-कश्मीर के कठुआ ज़िले से अपनी **लघु कला शैली के लिये लोकप्रिय विश्व प्रसिद्ध 'बसोहली पेंटिंग'** को [राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)](#) **द्वारा अनुमोदन के बाद भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ है। यह पहली बार है कि जम्मू क्षेत्र को हस्तशिल्प के लिये GI टैग मिला है।**

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उत्पादों को **उन 33 उत्पादों की सूची में शामिल किया गया है जिन्हें हाल ही में GI टैग मिला है।**

GI बौद्धिक संपदा अधिकार का एक रूप है जो एक **विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के उत्पादित वस्तुओं तथा उस स्थान से जुड़ी विशिष्ट प्रकृति, गुणवत्ता एवं विशेषताओं की पहचान करता है।**

और पढ़ें...... [भौगोलिक संकेतक (GI) टैग](#)

संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग

भारत को एक प्रतिस्पर्द्धी चुनाव में **चार वर्ष की अवधि (1 जनवरी 2024 से शुरू) के लिये संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के लिये चुना गया है।** आयोग संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् (ECOSOC) के तहत कार्य करता है।

संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग, **1947 में स्थापित, वैश्विक सांख्यिकीय प्रणाली का सर्वोच्च निकाय है** जो विश्वभर के सदस्य राष्ट्रों के मुख्य सांख्यिकीविदों को एक साथ लाता है। **यह अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकीय गतिविधियों के लिये सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है,** जो सांख्यिकीय मानकों को स्थापित करने तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके कार्यान्वयन सहित अवधारणाओं तथा विधियों के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।

आयोग में, **संयुक्त राष्ट्र के निर्वाचित ECOSOC द्वारा समान भौगोलिक वितरण के आधार पर, 24 सदस्य देश शामिल हैं** (पाँच सदस्य अफ्रीकी देशों से हैं, चार एशिया-प्रशांत देशों से, चार पूर्वी यूरोपीय देशों से, चार लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों से तथा सात सदस्य पश्चिमी यूरोपीय और अन्य राष्ट्रों से हैं)। भारत को वर्ष 2022-24 कार्यकाल के लिये संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों में से एक, आर्थिक और सामाजिक परिषद् के लिये चुना गया है।

और पढ़े: [संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् (ECOSOC)](#)

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-april-2023